5 रायपुर संभाग
संसदीय सचिव एवं विधायक शकुंतला साहू ने फहराया तिरंगा...

6 अभिमत
नेताजी के राष्ट्रवाद से भागे थे अंग्रेज

7 दुर्ग संभाग
सीएम बघेल के मंशानुरूप बालोद में 1 लाख...

8 छत्तीसगढ़
गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 28 जनवरी 2023 पृष्ठ-16 वर्ष-07, अंक- 156 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कांग्रेस ने की संसद में चीन पर बहस कराने की मांग

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को 31 जनवरी से शुरू हो रहे संसद के आगामी बजट सत्र में चीन के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें संसद में चीन के बारे में चर्चा करने की अनुमति क्यों नहीं है? हम संसद के आगामी बजट सत्र में चीन पर चर्चा की मांग करते हैं। कांग्रेस ने इससे पहले सरकार पर संसद के हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र में चीनी मुद्दे पर बहस से भागने का आरोप लगाया था।

### सेंसेक्स निफ्टी में भारी गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान से हतोत्साहित निवेशकों को स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज और पावर समेत सोलह समूहों में 7.34 प्रतिशत तक की बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में करीब डेढ़ फीसदी की गिरावट आई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 874.16 अंक अर्थात 1.45 प्रतिशत लुढ़ककर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59,330.90 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 267.75 अंक यानी 1.5 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,624.20 अंक पर रहा।

### इंडोनेशिया ओपनः जॉनथन से हारकर लक्ष्य बाहर

**जकार्ता।** भारतीय युवा सनसनी लक्ष्य सेन इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में शुक्रवार को मेज़बान देश के जॉनथन क्रिस्टी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। क्रिस्टी ने 62 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए लक्ष्य को 15-21, 21-10, 21-13 से मात दी। पहला गेम जीतने के बाद लक्ष्य ने दूसरे गेम में अपनी ऊर्जा बचाते हुए जॉनथन को जीतने का मौका दिया। जॉनथन ने तीसरे गेम में ब्रेक तक सिर्फ 11-9 की बढ़त ली थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने भारतीय प्रतिद्वंदी को ज्यादा मौके दिये बिना 21-13 से गेम और मैच दोनों जीत लिये। लक्ष्य की हार के साथ पुरुष एकल प्रतियोगिता में भारत का सफर समाप्त हो गया।

# सीएम बघेल का ऐलान बेरोजगारों को हर महीने मिलेगा भत्ता

## अप्रैल से राशनकार्डधारियों को पीडीएस के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल दिए जाने की घोषणा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारे संविधान में लिखी इबारतों को बहुत ही साफ मन और न्याय के अटूट इरादे से समझा जा सकता है। विरासत में हमें न्याय के लिए जो अडिग साहस मिला है, उसी को हमने अपनी सरकार का मूलमंत्र बनाया है। सबसे कमजोर तबकों को सबसे पहले और सबसे ज्यादा तवज्जो देकर न्याय दिलाना हमने अपना प्रथम कर्तव्य माना है। जिसके कारण हम बिना किसी संशय के विगत चार वर्षों में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा पूरी लगन से कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने 74वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद प्रदेश की जनता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आगामी वित्तीय वर्ष से बस्तर संभाग, सरगुजा संभाग और प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समाज के पर्वों के उत्तम आयोजन के लिये मुख्यमंत्री आदिवासी पर्व सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष प्रत्येक ग्राम पंचायत को 10 हजार रूपये प्रदान करने, अगले वित्तीय वर्ष से बेरोजगारों को हर महीने बेरोजगारी भत्ता दिए जाने, महिला समूहों, महिला उद्यमियों, महिला व्यवसायियों एवं महिला स्टार्ट अप को व्यापार उद्योग स्थापित करने हेतु नवीन योजना प्रारंभ किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और विरासत को अनवरत आगे बढ़ाने के लिये राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग का गठन करने, रायपुर एयरपोर्ट में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने, एयरपोर्ट क्षेत्र के वाणिज्यिक विकास और रोजगार सृजन के लिये स्वामी विवेकानंद विमानतल के पास एयरोसिटी विकसित करने, छत्तीसगढ़ में कुटीर उद्योग आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, रोजगार और लोगों की आय बढ़ाने के लिये ग्रामीण उद्योग नीति बनाने, औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित इकाईयों को संपत्ति कर के भार से मुक्त करने, खारून नदी पर उत्कृष्ट रिवर फ्रंट विकसित करने, विद्युत शिकायत के निराकरण के लिए आधुनिक ऑनलाईन निराकरण प्रणाली विकसित करने, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना शुरू करने, राज्य में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय रामायण/मानस महोत्सव तथा चंदखुरी में मां कौशल्या महोत्सव का आयोजन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर राज्य के सभी जिलों में अप्रैल माह से समस्त राशनकार्ड धारियों को पीडीएस के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल दिए जाने की घोषणा की। गौरतलब है कि अभी तक फोर्टिफाइड चावल का वितरण राज्य के 12 जिलों में मध्यान्ह भोजन योजना और पूरक पोषण आहार योजना में वितरित किया जा रहा था।

मुख्यमंत्री ने अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशनकार्डधारियों को जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक निःशुल्क चावल वितरित किए जाने की भी घोषणा की। गणतंत्र दिवस का यह समारोह जगदलपुर के लालबाग मैदान में हर्ष और उल्लास के वातावरण में आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह में सशस्त्र बल के जवानों द्वारा गार्ड ऑफऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के महान सपूतों अमर शहीद गैंदसिंह, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुण्डाधूर का सादर स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इन वीर जवानों का बहुत बड़ा योगदान हमारे राष्ट्रीय आंदोलन में रहा, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के दुर्गम अंचलों में रहकर छत्तीसगढ़ महतारी के मान को भारत माता के सम्मान के साथ जोड़ा। मंगल पाण्डे, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई लोधी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, लाल-बाल-पाल और उनके जैसे लाखों सहमार्गियों से देश कभी उऋण नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और संविधान निर्माताओं के वंशज हैं। हमारे पुरखों ने आजादी की लड़ाई में, देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए, देश में समरसता के मूल्यों और संस्कारों को बचाए रखने के लिए कुर्बानियां दी हैं, जो लोग इस भावधारा से जुड़कर अपने आप को देखते हैं, वे लोग ही हमारी विरासत के महत्व को समझ सकते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि आप सब नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के मूल्यों से अवगत कराएं। जब तक देश, इस संविधान के अनुसार चलता रहेगा, तभी तक हम सबकी और देश की आजादी सुरक्षित रहेगी। हमारे संविधान की बदौलत ही हमारा देश, लोकतंत्रात्मक गणराज्य कहलाता है। इससे नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समता, गरिमा, और बंधुता का वरदान मिलता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के संस्कार और स्वरूप को गढ़ने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, प्रथम विधि मंत्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, प्रथम उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल, प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी जैसी विभूतियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# ईडी के नाम पर ठगी करने वाला मुबंई में गिरफ्तार

## 20 लाख में केश हटवाने का ले रहा था ठेका

**मुंबई से आरोपी को लाया जा रहा रायपुर, कारोबारियों से ठगी की साजिश का भंड़ाफोड़**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



ईडी मामले में अब नया मोड़ आ गया है। एक तथाकथित गिरोह ने ईडी में गिरफ्तार आरोपियों को जेल स छुड़ाने का ठेका के नाम पर प्रति व्यक्ति 20 लाख की मांगने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई जारी है। मनी लॉन्ड्रिंग और कोल के अवैध लेन-देन के मामले में अफसर और कारोबारियों की धरपकड़ और पूछताछ जारी है। इस बीच हैरान करने वाला एक और कांड का खुलासा हुआ है। प्रदेश में जारी छापेमार कार्रवाई और गिरफ्तारियों से कई कारोबारी और अफसर घबराए हुए हैं। ईडी से बचने के पैंतरे आजमा रहे हैं। इसी का फायदा उठाने का प्रयास एक ठग ने किया है। ईडी मामले में फंसे एक आरोपी के परिजनों से इस ठग ने कह दिया कि प्रवर्तन निदेशालय में मेरी पहचान के अफसर हैं, सबसे मेरी सेटिंग है, 20 लाख दो और तुम्हारा नाम केस से हटवा दूंगा। खबर है कि जांच में फंसे शख्स के परिजनों ने रुपए दे भी दिए। मगर काम नहीं हो सका तो मामला खुला। आखिरकार इस व्यक्ति को मुंबई से पकड़कर रायपुर लाया जा रहा है। इसे कोर्ट में पेश किया जा सकता है। ईडी से स्थानीय पुलिस को सौंप सकती है कोर्ट के निर्देश के बाद। फिल्हाल इसके नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

### मोदी, बिरला, मुंडा ने संगमा को दी जन्मदिन की बधाई



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई केंद्रीय मंत्रियों तथा विभिन्न दलों के नेताओं ने मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के जन्मदिन पर शुक्रवार को उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। मोदी ने एक ट्वीट में लिखा, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। बिरला ने बधाई देते हुए ट्वीट किया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

# आरक्षक पुलिस बल की आंख और कान : मुख्यमंत्री शिवराज

वार्ता < भोपाल
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नवआरक्षकों को सीख देते हुए कहा कि आरक्षक पुलिस बल की आंख-नाक हैं और सभी ऐसा काम करें कि लोग उनके नाम का उदाहरण दें। चौहान ने नवनियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम अपना कार्य प्रमाणिकता से करते हैं, तो सब सम्मान करते हैं। कई एसपी, पुलिस कॉन्स्टेबल, हेड कॉन्स्टेबल, एसआई, एएसआई के लोग उदाहरण देते हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षक ऐसा काम करें कि लोग उनके नाम का उदाहरण दें। उन्होंने आरक्षकों को सीख देते हुए कहा कि संवेदनशीलता, वीरता, देशभक्ति और अनुशासन ही मध्यप्रदेश पुलिस की पूँजी है, जिसने मध्यप्रदेश पुलिस का स्थान बनाया है। आरक्षक इसे बिगड़ने नहीं दें और वर्दी की मर्यादाओं को कभी ना भूलें। आरक्षक पुलिस बल की नींव हैं। ये कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आरक्षक पुलिस बल की आंख और कान हैं। वरिष्ठ अधिकारी पुलिस बल का नेतृत्व करते हैं, लेकिन क्षेत्र की सुरक्षा का जिम्मा पहले आरक्षक पर ही होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्दी देश की रक्षा और समाज की सुरक्षा के लिए है, अपराधियों पर कहर बनकर टूट पड़ने, सज्जनों के उद्धार और दुर्जनों पर अंकुश के लिए है। मध्यप्रदेश पुलिस के संदर्भ में चौहान ने कहा कि राज्य पुलिस ने सिमी आतंकियों के नेटवर्क, बीहड़ के जंगल में डकैतों के आतंक और नक्सलियों के आतंक, सभी को ध्वस्त किया है। मध्यप्रदेश पुलिस का इतिहास शौर्य और पराक्रम से गौरवान्वित है। कबायली हमला हो, गोवा मुक्ति का संघर्ष हो या नागालैंड, मध्यप्रदेश पुलिस ने अपना कर्तव्य निर्वहन कर देश की सेवा की है। उन्होंने नव आरक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये सिर्फ नौकरी नहीं, देश की रक्षा, जन सेवा का संकल्प है।

### गुणवत्ता युक्त और सस्ती दवा से आम आदमी को लाभ होगाः मांडविया

**नयी दिल्ली।** देश में गुणवत्ता युक्त और सस्ती दवा विकसित करने पर जोर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार



को कहा कि इससे आम आदमी को लाभ होगा। डॉ. मांडविया ने 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल्स' के जैविक दवाओं की गुणवत्ता पर एक सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि जैविक दवाएं पारंपरिक रासायनिक दवाओं के साथ चिकित्सा के विकल्प के रूप में उभरी हैं। कोविड महामारी के कारण पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा आपातकाल ने देखा है कि भारतीय बायोफार्मा और डायग्नोस्टिक उद्योग ने न केवल देश बल्कि विश्व स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य आवश्यकता को पूरा किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन देश के बायोफार्मास्यूटिकल्स और इन-विट्रो डायग्नोस्टिक उद्योग के बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकियों को उन्नत करने में मदद करेगा और विश्व स्तरीय उत्पादों को विकसित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की क्षमता बढ़ाएगा। उन्होंने बायोफार्मा क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता को महसूस करने और राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम की दिशा में पहल करने की सराहना की।

# यूएसएआईडी मानवीय सहायता के रूप में बंगलादेश को देगा करीब 7.50 करोड़ डॉलर

वार्ता < ढाका
www.dailypioneer.com



यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) ने बंगलादेश के कॉक्स बाजार में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों और बंगलादेशी मेजबान समुदाय के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुल 7.50 करोड़ डॉलर की मानवीय सहायता की घोषणा की है, ताकि भोजन और ईंधन की बढ़ती कीमतों से जूझ रहे लोगों को मदद मिल सके। अमेरिकी दूतावास द्वारा गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यूएसएआईडी इस रकम के माध्यम से लगभग छह लाख लोगों को महत्वपूर्ण और जीवन रक्षक सहायता प्रदान करेगा। इस नई फंडिंग के साथ, यूएसएआईडी संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के साथ काम करेगा ताकि पौष्टिक भोजन प्रदान करने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का रखरखाव कर सकें तथा रसद मुहैया कराने और आपदा जोखिम कम करने में लोगों को सहायता प्रदान की जा सके। विज्ञप्ति के अनुसार, यूएसएआईडी की नई पहल से नवजात शिशुओं से लेकर गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को ताजा एवं पौष्टिक भोजन दिया जाएगा। ये कार्यक्रम 33 रोहिंग्या शिविरों और स्थानीय बंगलादेशी समुदाय के 130 स्थलों पर रहने वाले लोगों के लिए चलाया जाएगा। इसके अलावा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के माध्यम से, डब्ल्यूएफपी शिविरों के भीतर सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बनाए रखने और सुधारने के लिए समुदाय के साथ काम करेगा।

## 62 साल पुरानी संधि का मामला गरमाया

# सिंधु जल संधि में संशोधन को लेकर भारत ने पाकिस्तान को दिया नोटिस

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने 62 साल पुरानी सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मनमानी और विश्व बैंक द्वारा प्रावधानों के उल्लंघन से उपजी परिस्थिति में संधि को संशोधित किये जाने संबंध में पाकिस्तान को एक नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि पाकिस्तान के मनमाने व्यवहार के कारण भारत ने यह कदम उठाया है। सितंबर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि में संशोधन को लेकर बुधवार 25 जनवरी को सिंधु जल संधि के तहत भारतीय आयुक्त ने पाकिस्तानी समकक्ष को संधि के अनुच्छेद 7 (3) के तहत नोटिस भेजा है। सूत्रों ने कहा कि इस संशोधन का मकसद पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के उल्लंघन को सुधारने के लिए 90 दिनों के भीतर अंतर-सरकारी बातचीत में शामिल होने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रक्रिया में बीते 62 वर्षों में अनुभवों एवं सबकों को भी संधि में स्थान देना है। सूत्रों के अनुसार भारत सिंधु जल संधि के उसकी पूरी भावना के साथ क्रियान्वयन के लिए हमेशा से एक जिम्मेदार साझीदार एवं सतत समर्थक रहा है। हालांकि पाकिस्तान का व्यवहार एवं कार्यकलाप संधि के प्रावधानों के विपरीत रहे हैं और इससे भारत को संधि में संशोधन के लिए एक समुचित नोटिस जारी करने के लिए विवश होना पड़ा है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने वर्ष 2015 में भारत की किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर तकनीकी आपत्तियों की जांच के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति का अनुरोध किया था। वर्ष 2016 में पाकिस्तान एकतरफा ढंग से अपने अनुरोध से पीछे हट गया और अपनी आपत्तियों के निस्तारण के लिए एक न्यायाधिकरण के माध्यम से मध्यस्थता कराने का प्रस्ताव लेकर आया। पाकिस्तान की यह एकतरफा कार्रवाई संधि के अनुच्छेद 9 में विवाद निस्तारण की वर्णित प्रणाली के विपरीत थी। लेकिन भारत ने इसी



प्रणाली के वर्णित प्रावधानों के अनुरूप इस मामले को लेकर एक तटस्थ विशेषज्ञ का अनुरोध किया। सूत्रों ने कहा कि समान प्रश्नों पर दो समानांतर प्रक्रियाओं को शुरू करने एवं उसे लेकर दोनों प्रक्रियाओं में अलग अलग अथवा विरोधाभासी निर्णय आने की संभावना से एक अभूतपूर्व एवं वैधानिक रूप से एक विचित्र स्थिति पैदा हो गयी जिससे सिंधु जल संधि की प्रासंगिकता को ही जोखिम पैदा हो गया था। विश्व बैंक ने 2016 में ही इस स्थिति को समझ लिया था और दोनों समानांतर प्रक्रियाओं को स्थगित करने का फैसला करने के साथ ही भारत एवं पाकिस्तान से परस्पर स्वीकार्य निष्कर्ष पर पहुंचने का आग्रह किया था। सूत्रों ने कहा कि भारत द्वारा परस्पर सहमति से आगे का रास्ता निकालने के लगातार प्रयासों के बावजूद पाकिस्तान वर्ष 2017 से 2022 के दौरान पांच बैठकों में इस मुद्दे पर चर्चा करने से इंकार करता रहा। पाकिस्तान के इस रवैये से विश्व बैंक ने हाल ही में दोनों प्रक्रियाओं (तटस्थ विशेषज्ञ एवं न्यायाधिकरण से मध्यस्थता) पर कार्रवाई आरंभ कर दी है। ऐसी समानांतर प्रक्रियाएं सिंधु जल संधि के किसी भी प्रावधान में वर्णित नहीं हैं। अतएव, सिंधु जल संधि के प्रावधानों के उल्लंघन से उत्पन्न स्थिति में भारत को संधि में संशोधन के लिए नोटिस जारी करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत को युवा मोर्चा के नेताओं ने बताया भालू और गीदड़

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजयुमो में पिछले महीने हुई नियुक्तियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा अध्यक्ष के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला और चट वायरल होने से मामला गरमागया है। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत एक बार फिर से कार्यकर्ताओं की नाराजगी का शिकार बने। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने रवि भगत के लिए अपशब्द कहे। इस बातचीत का व्हाट्सएप चैट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इससे पहले प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की वजह से भी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूटा था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रवि भगत की कार्यशैली पर पुराने कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाए हैं । वायरल चैट में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि रवि भगत को युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भालू गीदड़ तक कह दिया। कुछ कार्यकर्ताओं ने गाली लिख कर भी मैसेज भेजा है। यह सारा बखेड़ा हाल ही में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति की सूची की वजह से खड़ा हुआ है । पार्टी कार्यकर्ताओं की माने तो इस सूची में पुराने कार्यकर्ताओं को जगह नहीं दी गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से ताल्लुक रखने वाले ज्यादातर नए युवाओं को मौका मिला है। यह पुराने लोगों को रास नहीं आ रहा। इसी वजह से आपसी खींचतान का के हालात बने हैं। 4 दिन पहले सामने आई इस सूची में कुछ नेता पुत्रों को भी जगह दी गई है। जैसे छगन मूंदड़ा के बेटे आदित्य मूंदड़ा, राजीव अग्रवाल के बेटे ऋतुराज अग्रवाल और अंजय शुक्ला के बेटे को भी तवज्जो दी गई है। इस वजह से पुराने कार्यकर्ता गुस्साए हुए हैं । हालत यह है कि युवा मोर्चा के कार्यक्रमों में जैसे विरोध प्रदर्शन, साइकिल रैली जैसे आयोजनों में कम संख्या में ही लोग जुट रहे हैं। पिछले महीने आई लिस्ट आई तो चंद मिनटों में सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हो गया। खुलकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनुचित लोगों को अहम पद दिए का विरोध किया। खुद पार्टी के कार्यकर्ता दावा कर रहे हैं कि निष्क्रिय लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मा दिया गया जो ठीक नहीं है।

### एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला पर पेशाब करने के आरोपी शंकर की जमानत अर्जी पर 30 जनवरी को सुनवाई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में एक बुजुर्ग महिला यात्री पर पेशाब करने के आरोप में गिरफ्तार शंकर मिश्रा की जमानत अर्जी पर सुनवाई 30 जनवरी तक स्थगित कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने जमानत अर्जी की प्रति प्राप्त नहीं होने और जांच अधिकारी के जवाब सहित न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। मिश्रा ने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा जमानत अर्जी खारिज किये जाने के बाद सत्र न्यायालय में आवेदन किया है, जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होनी थी।




मिश्रा के वकील ने इससे पहले अदालत में दलील दी थी कि महिला को प्रोस्टेट से संबंधित कोई बीमारी है, जिसके कारण उसने खुद पेशाब कर दिया और उनके मुवक्किल को इस मामले में झूठा फंसाया। आरोप है कि मिश्रा ने पिछले साल 26 नवंबर को एयर इंडिया के बिजनेस क्लास में नशे की हालत में 70 वर्षीय महिला पर पेशाब कर दिया था। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा थाने की पुलिस ने मिश्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी और मिश्रा को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अदालत को बताया था कि मिश्रा मामले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।




## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



दो गज की दूरी मास्क है जरूरी

मा. भूपेश बघेल जी, मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन | मा. टी.एस. सिंहदेव जी, स्वास्थ्य मंत्री, छ.ग.शासन | मा. श्रीमती देवती कर्मा जी, विधायक-दंतेवाड़ा

**सिविल सर्जन (सह)**
**जिला अस्पताल दंतेवाड़ा**

---

fssai Reg No. :20516004000002

Non-Voilent Honey

## अहिंसक हनी

pure, natural & 100% organic

# BASTAR HONEY



CENTER
Pragati Prayas Samajik Seva Sanstha,
bypass road
Chitalanka-Dantewada (C.G.) 494449
9425594243 koyawes@gmail.com Bastar Honey Bastar_Honey
Website :- www.koyawes.com
Bastar Honey is gathered by the trained Madia tribal youth & women of South Bastar Region (Dantewada Dist.) by Eco-friendly Techniques.

---

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



अपने परिवार के सभी सदस्यों को वैक्सीन जरूर लगवाएं।

मा. भूपेश बघेल जी, मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन | मा. टी.एस. सिंहदेव जी, स्वास्थ्य मंत्री, छ.ग.शासन | मा. श्रीमती देवती कर्मा जी, विधायक-दंतेवाड़ा

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला अस्पताल दंतेवाड़ा**

---

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



वनों को आग से बचाएं वन्य प्राणियों की रक्षा करें

मा. भूपेश बघेल जी, मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन | मा. मो. अकबर जी, वनमंत्री, छ.ग.शासन | मा. श्रीमती देवती कर्मा जी, विधायक-दंतेवाड़ा

**वन मंडलाधिकारी**
**समस्त रेंजर एवं डिप्टी रेंजर वनमण्डल दंतेवाड़ा**

---

## प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें



शिक्षा का नहीं है कोई मोल, है जीवन की भांति अनमोल

मा. भूपेश बघेल जी, मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन | मा. प्रेमसाय सिंह टेकाम जी, शिक्षा मंत्री, छ.ग.शासन | मा. श्रीमती देवती कर्मा जी, विधायक-दंतेवाड़ा

**जिला शिक्षाधिकारी/जिला समन्वयक**
**राजीव गांधी शिक्षा मिशन, दंतेवाड़ा**

---

# गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर

## समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**संदेश**

1. गणतंत्र की रक्षा के लिए पुलिस का सहयोग करें तथा कानून का पालन करें।
2. अपराधिक, असामाजिक एवं अलोकतांत्रिक लोगों के बहकावे में आकर अपना जीवन बर्बाद न करें।
3. माओवादी हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में शामिल हों।

## माओवादियों से अपील

हिंसा त्याग कर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो और शासन के पुनर्वास योजना के तहत् नौकरी, घर एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन का लाभ लें।

| क्र. | धारित पद | छत्तीसगढ़ शासन द्वारा माओवादियो पर घोषित ईनाम राशि |
|---|---|---|
| 1. | DKSZC सदस्य | 25 लाख रूपये |
| 2. | मिलेट्री कपनी कमाण्डर | 10 लाख रूपये |
| 3. | मिलेट्री प्लाटून कमाण्डर/डिप्टी कमाण्डर/सदस्य/एरिया कमेटी सचिव/ एक्शन कमाण्डर/टेकनिकल टीम प्रभारी | 08 लाख रूपये |
| 4. | एल.जी.एस. कमाण्डर/एल.ओ.एस. कमाण्डर | 05 लाख रूपये |
| 5. | एल.जी.एस. डिप्टी कमाण्डर/एल.ओ.एस.डिप्टी कमाण्डर/सेक्शन डिप्टी कमाण्डर | 03 लाख रूपये |
| 6. | मेडिकल टीम प्रभारी/ एक्शन टीम सदस्य | 02 लाख रूपये |
| 7. | एल.जी.एस. सदस्य/एल.ओ.एस. सदस्य/जनमिलिशिया कमाण्डर/ डीकेएमएस अध्यक्ष/केएमएस अध्यक्ष/सीएनएम अध्यक्ष | 01 लाख रूपये |

**विनीत : जिला पुलिस बल दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा छ0ग0**

---

संकलनकर्ता - चंद्रकांत सिंह क्षत्रिय, ब्यूरोचीफ, दंतेवाड़ा, मोबाईल - 93998-08133



प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सौजन्य-जमील खान
कंस्ट्रक्शन, किरंदुल




प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
सौजन्य-परियोजना अधिकारी
महिला बाल विकास विभाग, किरंदुल




आप सभी ग्राम वासियों के सहयोग व विश्वास से
ग्राम पंचायत कोड़ेनार चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर
रामायण प्रतियोगिता
रामायण प्रतियोगिता
नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती मीना मण्डावी
सरपंच
ग्राम पंचायत - कोड़ेनार
श्रीमती सावी तपन दास
उपसरपंच
ग्राम पंचायत - कोड़ेनार




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
रजनीश सिंह
विधायक, बेलतरा जिला-बिलासपुर




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
डा.कृष्णमूर्ति बांधी
विधायक ,मस्तूरी जिला बिलासपुर




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
विजय केशरवानी
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बिलासपुर
एम आई सी मेंबर ,नगर पालिक निगम बिलासपुर




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
रामशरण यादव
महापौर, नगर पालिक निगम बिलासपुर
एवं समस्त पार्षद / एल्डरमेन




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
चंद्रप्रकाश सूर्या
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा बिलासपुर




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
अंकित गौरहा
सभापति जिला पंचायत बिलासपुर




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
प्रमोद नायक
अध्यक्ष
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर




प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
अभय नारायण राय
प्रदेश प्रवक्ता छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी
उपाध्यक्ष ,अरपा विकास प्राधिकरण

समस्त जिले वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वन्य जीवों की रक्षा करें
वनों को कटने से बचायें



विनीत
वन परिक्षेत्र अधिकारी
पूर्व सोनपुर, जिला-नारायणपुर

समस्त जिले वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विनीत:- लोक निर्माण विभाग
संभाग नारायणपुर

समस्त जिले वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विनीत
प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग
नारायणपुर, जिला नारायणपुर

समस्त जिले वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





विनीत
लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग
नारायणपुर, जिला नारायणपुर

समस्त जिले वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

विनीत
राजीव गांधी शिक्षा मिशन
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर

समस्त जिले वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



विनीत:- जल संसाधन विभाग
नारायणपुर, जिला-नारायणपुर

# संसदीय सचिव एवं विधायक शकुंतला साहू ने फहराया तिरंगा
# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

## बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 38 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित, तीन वर्षों बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा सबका मन





पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गणतंत्र दिवस समारोह जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया। स्थानीय स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल शकुंतला साहू ने तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। साहू ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि साहू ने शासकीय योजनाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए तीन दर्जन शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार शर्मा, पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा,जीव जन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा,जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर सहित कलेक्टर रजत बंसल,एसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। स्पोर्टस स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथि शकुंतला साहू द्वारा झण्डा फहराने के साथ शुरू हुआ। तीन साल बाद गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों द्वारा झांकीयों का प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहा। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया,जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस की टुकड़ियों ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व आर.आई विक्रम बघेल ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। शकुंतला साहू ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर,सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा,आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे,हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा,संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू एवं टेकराम वर्मा के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना। इसके साथ ही मुख्य मंच से करीब 38 अधिकारी-कर्मचारियों का उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इनमें राजस्व विभाग एस.पी.शर्मा,रामूलाल ध्रुव, गौरीशंकर वर्मा, जिला कोषालय हर्ष शुक्ला, कृषि विभाग सविता राजपूत, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग योगेश कुमार सेन, पशु चिकित्सा सेवाएं हरिकिशन साहू, महिला एवं बाल विकास खुमीन साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग दानेश्वरी साहू, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अनिता वर्मा, श्यामा भारती, आदिवासी विभाग चितांशु ध्रुव,एन आई सी नारायण प्रसाद केंवट, ई-गवर्नेंस सोसायटी सीजी स्वान शिव शंकर बैगा, खनिज विभाग उप संचालक खनिज कुंदन बंजारे, खिलेश्वर ध्रुव, जिला सेनानी नगर सेना जितेन्द्र कुर्रे, तपसीर खान, कृष्णा यादव, जनपद पंचायत बलौदाबाजार उप अभियंता डी.पी. साहू, वन विभाग भानू प्रताप आजाद, शिक्षा विभाग डॉ. राधेश्याम पटेल, के.एस. तिवारी, वंदना तिवारी, निर्वाचन विभाग रवि प्रजापति, आबकारी विभाग विकास गोस्वामी, पुलिस विभाग निरीक्षक अमित तिवारी,रोशन सिंह राजपूत, उप निरीक्षक हरीश साहू, सहायक उप निरीक्षक बलीराम रावटे, प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, महिला प्रधान आरक्षक पिंकी कुर्रे, आरक्षक खुमलाल साहू, सुरेश बिंझवार, सुनील श्रीवास, रविशंकर ध्रुव, श्रीकांत टंडन, ऋषिकेश भोई शामिल है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुरूकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल को प्रथम, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल को द्वितीय एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम पं. चक्रपाणी स्कूल को सांत्वना पुरूस्कार से नवाजा गया। विभिन्न विभागों एवं सीमेंट संयंत्रों द्वारा कुल 16 झांकीयों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग को प्रथम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वितीय एवं स्वास्थ्य विभाग को सांत्वना पुरूस्कार से नवाजा गया।

## संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के 74 वी वर्षगांठ के मौके पर आज सुबह 8 बजें सँयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर रजत बंसल ने झंडा फहराया। साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर,शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दिए। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अनुपम तिवारी, मिथलेश डोंण्डे, बजरंग दुबे, डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे, नितीन तिवारी,अंशुल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया




चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर ने नेहरू चौक में ध्वजारोहण किया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर नेहरू चौक में चेम्बर परिवार द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया चेम्बर अध्यक्ष जुगल भट्टर द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया तदोपरान्त चेंबर पदाधिकारियों द्वारा शुभकामना एवम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और अंत मे चेम्बर अध्यक्ष द्वारा साल भर के चेम्बर कार्यो की विवेचना की जानकारियां की व्यापार को सुचारू रूप से चलाने के लिए आव्हान किया। केडिया कॉम्प्लेक्स में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ चेंबर पदाधिकारी हेम चंद कैलाश सोनी संदीप जैन केसरवानी शिव अग्रवाल श्रद्धानंद अग्रवाल दिलीप महेश्वरी मुकेश अरोरा राजीव गुप्ता रामगोपाल केशरवानी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजन का हुआ आयोजन

**रायपुर।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुंदर नगर के पब्लिक गार्डन में रहवासियों के साथ मिलकर आयोजन किया गया। महिलाओं में गणतंत्र दिवस विषय पर छोटे छोटे प्रश्नोंत्तर कराए और इनाम बांटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद मृत्युंजय दूबे रहें। बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष लीनेस सरिता पटेल, सचिव ली.श्रद्धा दानी, एरिया आफिसर लता चौधरी, लक्ष्मी यादव, ऐश्वर्या ठाकुर, सुधा और रहवासियों की इस गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थिति रही।



## हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा कर ग्रामीणों को भूपेश कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कांग्रेसजनों द्वारा ग्राम बेमेतरा से खैरी, अचनाकपुर, हलवाई खपरी, परसाभदेर, चरौटी तक हाथ से हाथ जोड़ो पद यात्रा कर ग्रामीणों को भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। ब्लॉक कांग्रेस बलौदाबाजार ग्रामीण के अध्यक्ष विक्रम गिरी की अगुवाई में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु, प्रदेश कांग्रेस महामन्त्री सीमा वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा सहित कांग्रेस जनो की विशेष उपस्थिति में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों के कर्जा माफ,1 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य विकास कार्यो की चर्चा किया । उक्त अवसर पर किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वैष्णव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, विक्रम पटेल ,गंभीर सिंह ठाकुर, राजा तिवारी, संदीप पांडेय, लखेस साहू ,पूर्व जिलापंचायत सदस्य पदमेश्वरी साहू,गणेश शंकर साहू, सुंदर लाल साहू, दिगम्बर साहू,पार्षद गोल्डी मरेय्या, डिगेश्वरी नामदेव ,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे,अभिषेक पटेल, सुखदेव साहू, प्रेमलता बंजारे, संतोष साहू, साहू सरपंच मोहतरा कमलेश ध्रुव, गरीबा ध्रुव, टुकेश सेन, चोवा राम सेन, ज्योतिष, रेणु ध्रुव, मदन साहू, सुखी राम साहू, हुलाष यदु सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## पुरखों के समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना हो रहा साकार : अग्नि चंद्राकर

- बीज निगम अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं का किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर/महासमुंद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ने गणतंत्र दिवस पर निगम मुख्यालय बीज भवन में ध्वजारोहण कर देश के अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों को नमन किया। चंद्राकर ने गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारे पुरखों के समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना हो रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर इस साल धान खरीदी का आंकड़ा एक करोड़ मीट्रिक टन से पार हो चुका है। धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है और किसानों को त्वरित भुगतान भी हो रहा है। कृषि कर्ज की माफी के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जहां किसानों के जीवन में खुशहाली आई है वहीं राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से प्रदेश के लाखों भूमिहीन परिवारों में मुस्कान आई है। चार साल में भूपेश सरकार की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों से हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। नरवा, गरवा, घुरवा, बारी और गोधन न्याय योजना जैसी नवाचारी योजनाओं के शानदार परिणामों ने पूरे देश का ध्यान खींचा है। निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा है कि पूरे देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य छत्तीसगढ़ है, बावजूद अगले वित्तीय वर्ष से बेरोजगारों को हर महीने बेरोजगारी भत्ता दिए जाने की घोषणा प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रदेश में आदिवासी पर्व सम्मान निधि प्रदान करने, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन हेतु नई योजना शुरू करने, राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग का गठन किए जाने, स्वामी विवेकानंद विमानतल के पास एयरोसिटी विकसित करने, छत्तीसगढ़ में कुटीर उद्योग आधारित ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, रोजगार और लोगों की आय बढ़ाने के लिये ग्रामीण उद्योग नीति बनाने, औद्योगिक इकाईयों को संपत्ति कर से मुक्ति, जीवनदायनी खारून नदी पर रिवर फ्रंट बनाने, विद्युत शिकायत के निराकरण के लिए आधुनिक ऑनलाइन निराकरण प्रणाली बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना शुरू करने, राज्य में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय रामायण / मानस महोत्सव और चंदखुरी में प्रतिवर्ष मां कौशल्या महोत्सव आयोजित करने की घोषणा काफी महत्वपूर्ण है।

### संसदीय सचिव ने किया ट्रैक निर्माण के लिए भूमिपूजन, कहा-खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी

## साढ़े सात करोड़ की लागत से फारेस्ट ग्राउंड में होगा सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



महासमुन्द के वन विभाग के मैदान में साढ़े सात करोड़ की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ट्रैक निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि चार सौ मीटर आठ लेन में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक बनेगा। इससे जिले के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। शुक्रवार को वन विभाग के मैदान में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल, सुरेश द्विवेदी, दिलीप चंद्राकर, पार्षद पवन पटेल, डमरूधर मांझी, अन्नू चंद्राकर, अनवर हुसैन मौजूद रहे। विधिवत पूजा अर्चना पश्चात संसदीय सचिव चंद्राकर ने सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के लिए भूमिपूजन होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिर्फ एक स्थान पर इस तरह का एथलेटिक्स ट्रैक है। यहां इसके निर्माण होने से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ खेल प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा है। युवाओं को खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए खेलबो, जीतबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा देकर तेजी से खेलों के लिए माहौल बनाने की कवायद जारी है। खेल व खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण की स्वीकृति दिलाई गई। उन्होंने बताया कि पूर्व में इसके लिए साढ़े छह करोड़ की स्वीकृति मिली थी। बाद इसके डीएमएफ फंड से और राशि मुहैया कराई गई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ के पारंपारिक खेलों को लोग भूलते जा रहे थे। खेलों को चिरस्थायी रखने, आने वाली पीढ़ी को इससे अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़िया खेलों की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता पंकज मिश्रा, राहुल ध्रुव, राजेश शर्मा, प्रफुल्ल कुमार चौरे, आशीष शुक्ला, शिवम पांडे, योगीनाथ मेश्राम, सुजीत सिंह, राजनारायण, दिलीप वर्मा, राजू सेन, रेखराज पटेल, इमरान अली, कपिल पेंदरिया सहित खिलाड़ीगण मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास मनाया गया गणतंत्र दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर भंवरपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के परंपरा अनुसार अतिथियों द्वारा मां शारदा, प्रणवाक्षर ऊं एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पीएल अग्रवाल विद्यालय संयोजक एवं अध्यक्षता बीपी देवांगन विद्यालय के अध्यक्ष विशेष अतिथि के रूप में बसंत अग्रवाल आदि उपस्थित थे ।प्रधानाचार्य मोती लाल यादव ने समस्त अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान शिक्षाविद वाय कर द्वारा गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तृत जानकारी भैया बहनों को दी गई। तत्पश्चात रैली निकालकर नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान राजकीय गीत अरपा पैरी के धार पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। तदुपरांत मिष्ठान्न वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र सेठ ने किया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख नयन श्रीवास द्वारा दिया गया।

# दिग्विजय का बयान कांग्रेस की रणनीति

**राहुल गांधी** ने पार्टी को सर्जिकल स्ट्राइक पर दिग्विजय सिंह के बयान से अलग रख कर अच्छा किया है। यह कांग्रेस की रणनीति है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को शायद खबरों में बने रहना अच्छा लगता है, भले ही इससे उनकी पार्टी को नुकसान ही क्यों न हो जाए। हाल ही में उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक का कोई प्रमाण नहीं है। यह ध्यान आकर्षित करने की उनकी इच्छा स्पष्ट करता है। राहुल गांधी ने पार्टी को दिग्विजय सिंह के बयान से अलग कर समझदारी का काम किया। राहुल ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस नेता 'दिग्विजय सिंह के विचारों से सहमत नहीं हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि सशस्त्र बलों ने 'अपना काम बहुत अच्छे तरीके से किया और उनको सबूत देने की कोई आवश्यकता नहीं है।' देश की सबसे पुरानी पार्टी को शायद विश्वास था कि राहुल गांधी के बयान से यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा। लेकिन भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने सोमवार को 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने के लिए दिग्विजय सिंह की निन्दा की थी और वह उनके हालिया बयान को अनदेखा नहीं होने देना चाहेगी। उसने पहले ही कहा है कि ऐसे बयान 2019 में पुलवामा में 40 सीआरपीएफ जवानों के आतंकी हमले में शहीद होने पर 'पाकिस्तानी विमर्श की प्रतिध्वनि हैं।' वह ऐसे बयानों की निन्दा करती रहेगी। संभवतः दिग्विजय सिंह स्वयं ऐसे बयान देते रहेंगे जिनकी निन्दा करना भाजपा को अच्छा लगे। ऐसे में सवाल उठता है कि राहुल गांधी कहां तक दिग्विजय सिंह के बयानों से असहमत होते रहेंगे। पार्टी के सर्वोच्च नेताओं को इस पर अवश्य चर्चा करनी चाहिए। शायद दिग्विजय सिंह सुर्खियों में बने रहने के लिए ऐसे बयान देते हैं या यह मुस्लिमों के कल्याण की उनकी राजनीतिक पैरोकारी की आदत के कारण है जिससे उनमें ऐसी टिप्पणियां करने का रुझान पैदा होता है। लेकिन इनसे कांग्रेस को नुकसान होता है। आमतौर से 'मुस्लिम कल्याण' की बात करने का अर्थ उस समुदाय के सबसे प्रतिगामी तबके को खुश करना होता है और भाजपा इसे उचित ही 'मुस्लिम तुष्टीकरण' कहती है। मोदी-समर्थक तत्वों के लिए यह विजय का हथियार है। हालांकि, बहुत से लोगों का राजनीतिक कॅरियर फैशनेबल 'सेक्युलर' जुमले उछालने पर निर्भर करता है।

विशिष्ट बुद्धिजीवियों में अधिकांश वाम-उदारवादी रुझान वाले थे और 'सेक्युलर पहचान' वाले नेताओं के प्रति उनका रुझान बहुत मजबूत था। इसी कारण गंभीर भ्रष्टाचार आरोपों के बावजूद लालू प्रसाद यादव का आकर्षण बना रहा, जबकि उनके नेतृत्व में बिहार में प्रशासन लगातार कमजोर पड़ रहा था। दिग्विजय सिंह इसी युग में फले-फूले हैं। उन्होंने 19 सितंबर, 2008 को दिल्ली के जामिया नगर में बाटला हाउस मुठभेड़ को 'फर्जी' बता दिया था और वह भी इस तथ्य के बावजूद कि दिल्ली के एक प्रमुख पुलिस अधिकारी की मुठभेड़ में मौत हुई थी और दिल्ली पुलिस उनकी अपनी सरकार के आधीन थी। 2016 में उन्होंने मुठभेड़ की न्यायिक जांच की मांग दुहराई तथा अनेक अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी उनका समर्थन किया। उदाहरणार्थ, 2012 में तत्कालीन विधि मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी मुठभेड़ में नौजवान मुस्लिम लड़कों के मारे जाने पर 'फूट-फूट कर रोने लगीं।' भाजपा ने उचित ही खुर्शीद के बयान को 'मुस्लिम वोट पाने का सांप्रदायिक दांव' कहा था। ऐसा लगता है कि राजनीति की गतिशीलता ऐसी रणनीतियों के लिए उचित स्थान देती है। लेकिन अब उस राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। दिग्विजय सिंह जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे, उतना ही उनकी पार्टी कांग्रेस के लिए ठीक होगा।

# नेताजी के राष्ट्रवाद से भागे थे अंग्रेज

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के संघर्ष और विचार को इतिहास के पाठों में एक पैराग्राफ तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता।



विश्वदीप काकाती वाग्मिता बड़ठाकुर



**बर्मा** में 12 सितंबर, 1944 को नेताजी के भाषण को तत्कालीन सभी भारतीयों के हृदय में स्थान मिला और यह आज भी उनको प्रेरित करता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपनी क्रांतिकारी शैली में कहा था, 'हमने एक एकजुट व स्वतंत्र भारत की प्रतिज्ञा की है, इसलिए हम उसे विभाजित करने तथा टुकड़ों में काटने के हर प्रयास का विरोध करेंगे।' इसके लगभग 78 साल के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को ऐतिहासिक इंडिया गेट में स्थान मिला और इंडिया गेट जाने वाले मार्ग का नाम हाल ही में बदल कर 'कर्तव्य पथ' किया गया है। यह मार्ग न केवल प्रख्यात सुभाष चंद्र बोस व आधुनिक भारत के उनके विचारों को प्रतिबिम्बित करता है, बल्कि हर भारतीय के मन में उन लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को बनाए रखने की भावना पैदा करता है जो विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका में निहित हैं। यह देशवासियों में यह भावना भी पैदा करता है कि भारत को हमेशा एकजुट रहना चाहिए तथा हमें इस स्वतंत्र भारत में रहना चाहिए। यह प्रक्रिया हमें अपना जीवन उस भारत की स्थापना के लिए समर्पित करने की प्रेरणा देती है जिसके लिए पूरी दुनिया देशभक्ति तथा विविधता में एकता का प्रतीक है। नेताजी के मन में बचपन से ही जो राष्ट्रवाद की भावना थी वह अंतिम सांस तक उनकी गतिविधियों को निर्देशित करती रही। इस भावना को उन्होंने पूरे भारत में पैदा किया और इससे वे अत्यन्त उल्लेखनीय राजनेता बने।

कम आयु से ही नेताजी सामाजिक रूप से सचेतन व्यक्ति थे जिसका जन्म कोलकाता में प्रेसीडेंसी कालेज में उनके अध्ययन के समय हुआ था। उस समय वे जनता की गरीबी और कठिनाई भरे जीवन से बहुत व्यथित होते थे। सभी लोगों के बीच समानता की भावना के कारण उनको उस तिमंजिला आवास में रहना भी अच्छा नहीं लगता था जाहां से अनेक भिखारी दिखाई देते थे जिनके सिर पर छत तक नहीं थी। इसके चलते उन्होंने उस प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए थे जो कुछ लोगों के लिए शानोशौकत वाला जीवन तथा बहुत से लोगों के लिए गरीबी पैदा करती थी। भारत के स्वतंत्र होने तथा औपनिवेशिक दासता से मुक्त होने के पहले ही उन्होंने देश के प्रति राष्ट्रवाद की भावना विकसित की थी। बोस के लिए राष्ट्रवाद हर व्यक्ति की स्वतंत्रता की पारदर्शी कथा थी जहां किसी का प्रभुत्व न हो, हर व्यक्ति को समान सम्मान व स्वतंत्रता प्राप्त हो तथा उस पर अधिकार जमाने वाली कोई सत्ता न हो। राष्ट्रवाद की इसी भावना से बोस ने भावी घटनाओं का विश्लेषण किया जिनके वे गवाह बने। नेताजी के इतिहास में उनकी एक ट्राम में यात्रा की कथा आती है जिसमें एक अंग्रेज अपने पैर ऊपर कर बैठा था, जबकि एक भारतीय सज्जन उसके सामने बैठे थे। औपनिवेशिक प्रभुत्व के कारण भारतीय सज्जन भयभीत थे और अपनी आवाज नहीं उठा पा रहे थे। लेकिन बोस को अग्रेज के इस कृत्य से गुस्सा आई और उन्होंने उससे अपने पैर नीचे रखने को कहा क्योंकि इससे भारतीय सज्जन के कपड़े खराब हो रहे थे। अंग्रेज ने बोस को जवाब दिया कि यदि भारतीय को उसके पैर ऊपर रखने से कोई समस्या हो तो वह अपनी सीट बदल सकता है। इससे बोस बहुत गुस्सा हो गए। समाज में समानता स्थापित करने के प्रति उनके विद्रोही स्वभाव को देखते हुए ट्राम में अनेक भारतीयों को एकजुट कर दिया और सभी बोस के साथ मिल कर अंग्रेज की निन्दा करने लगे। लेकिन प्रभुत्व से मुक्त समाज बनाने की नेताजी की इच्छा को धक्का लगा क्योंकि अंग्रेज के कृत्य से व्यथित भारतीय झगड़े से बचने के लिए अगले स्टेशन पर उतर गया। एक ओर बोस के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने भारतीय एकजुटता की तस्वीरें पेश कीं, लेकिन दूसरी ओर अनेक भारतीयों में यह धारणा व्याप्त थी कि वे प्रभुत्व के पंजे से कभी आजाद नहीं होंगे। इससे बोस के मुक्त भारत बनाने के सपने को थोड़े समय के लिए प्रभावित किया। बोस ने भारतीयों के एक समूह को एकजुट करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया, जब उनको लगा कि अंग्रेजों को जल्दी भारत से भगाने के लिए अहिंसा के बजाय सशस्त्र विद्रोह की जरूरत है। उनके प्रखर राष्ट्रवाद की भावना उस समय स्पष्ट रूप से सामने आई जब उन्होंने अपनी प्रख्यात आजाद हिंद फौज आंदोलन के लिए 'दिल्ली चलो' का नारा दिया। उनका अमर आह्वान था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' नेताजी के बारे में भाषण देते हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने कहा था कि अंग्रेज महात्मा गांधी के कारण भारत छोड़ कर नहीं गए, बल्कि इसका कारण नेताजी द्वारा पैदा राष्ट्रवाद का उभार था। इसने भारतीय सेना के सैनिकों में एक चिनगारी पैदा की थी जो आजाद हिंद फौज-आईएनए के रूप में सामने आई थी। आईएनए का प्रभामंडल इतना सशक्त था कि उसने अत्यधिक स्वामिभक्त भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना में आईएनए द्वारा पैदा जोश भर दिया था।

भारतीय राष्ट्रीय सेना पर नेताजी का प्रभाव इतना मजबूत था कि वह अंग्रेजों के खिलाफ भारतीय शक्ति के रूप में काम करने लगी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व मुस्लिम लीग अंग्रेजों के समर्थक की तरह काम कर रहे थे। इसके कारण अंग्रेजों ने फौरन नेताजी को हिरासत में लेने का प्रयास किया। अपने समय से आगे की सोचने वाले नेताजी न केवल समुदाय, धर्म व नस्ल पर राष्ट्र की अवधारणा आरोपित करने में सफल हुए, बल्कि उन्होंने यह भी स्पष्ट रूप से राजनय व विदेश नीति की अवधारणा को भी समझ लिया था। उन्होंने इस 'चाणक्य नीति' का उचित प्रयोग किया कि 'दुश्मन का दुश्मन हमारा दोस्त होता है।' इस सिद्धान्त ने उनको जर्मनी व इटली से गठबंधन बनाने को प्रेरित किया जो अंग्रेजों के खिलाफ थे। इसके परिणामस्वरूप वे भारत में आईएनए के रूप में सैनिक शक्ति खड़ी करने की अवधारणा मजबूत करने में सफल हुए।

एक व्यावहारिक राष्ट्रवादी के रूप तें नेताजी विविध दृष्टिकोणों का सम्मान करते थे। नेताजी ने भारत राष्ट्र की आत्मा को अच्छी तरह समझ लिया था और इस प्रकार उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां एक मजबूत केन्द्र सरकार हो जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों व प्रांतों को काफी सीमा तक स्वायत्ता प्राप्त हो। इन कारणों से भारत ने हाल ही में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिन को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया है। राष्ट्रवाद के नेताजी के विचार में समानता, स्वतंत्रता व न्याय, व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा शक्ति संतुलन की अवधारणा को प्रमुख स्थान मिला है। भारत के लिए उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को ऐसा देश बनाना था जिसमें अस्तित्व की पुरानी सोच को पूरी तरह बदल दिया गया हो। उनके राष्ट्रवाद का अर्थ भारत को दीर्घकालीन रूप से गरिमामय स्थान प्रदान करना था। उनका यह विश्वास था कि यदि कोई महत्वाकांक्षा न हो तो राष्ट्र का अस्तित्व निरर्थक है। उन्होंने इस तथ्य पर भी जोर दिया कि देश की प्रगति व्यापक होनी चाहिए तथा लोगों को अपने संकुचित स्वार्थ पूरे करने के बजाय पूरे समुदाय की व्यापक प्रगति के बारे में विचार करना चाहिए। लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रवाद के विचार और संघर्ष को इतिहास की पुस्तकों में एक अनुच्छेद तक सीमित कर दिया गया है जिसे किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

# थाईलैंड की सेना का बनावटी चेहरा


**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

**था**ईलैंड, भारतीय पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य, नागरिक-सैन्य संबंधों के अध्ययन के लिए एक शिक्षाप्रद मामला है। नागरिक प्राधिकरण द्वारा सेना का नियंत्रण, स्वीकृत लोकतांत्रिक मानदंड, पैलेस द्वारा अक्सर चुनौती दी जाती है, तीसरा खिलाड़ी भले ही राजशाही संवैधानिक है। 7 मई को चुनाव होने वाला है और संसदीय कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में, पलंग प्रचारथ पार्टी (पीपीआरपी) सेना के नेतृत्व में एक गठबंधन जिसमें तीन जनरल शामिल हैं, सभी पूर्व सेना प्रमुखों ने 2014 से देश पर शासन किया है। अधीनस्थ राजनीतिक पदों पर दो जनरल प्रधान मंत्री से वरिष्ठ हैं। अरबपति पीएम थाकसिन शिनावात्रा, जिन्हें 2006 में एक सैन्य तख्तापलट में हटा दिया गया था, उसके बाद उनकी बहन यिंगलुक बाद में प्रधान मंत्री बनीं और अब उनकी बेटी पैतोंगटार्न फीयू थाई पार्टी (पीटीपी) का झंडा लेकर चल रही हैं। राजा महा वजीरालोंगकोर्न, राम एक्स, ने अपनी बड़ी बहन, जिसने रॉयल्टी छोड़ दी थी, को थाकसिन के पीटीपी के साथ चुनाव लड़ने से रोक दिया। मई 2005 में द बैंकॉक पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार शिनावात्रा ने जनरलों को नियंत्रित करने के लिए पैलेस के साथ व्यवस्था की थी।

पीपीआरपी का नेतृत्व उप प्रधान मंत्री, प्रवीत वोंगसुवोन करते हैं, जो सबसे वरिष्ठ जनरल हैं; जनरल प्रयुत चान-ओ-चा सबसे जूनियर जनरल पीएम हैं, आंतरिक मंत्री जनरल अनूपोंग पाओचिंडा के साथ। वोंगसुवॉन ने पिछले महीने संवाददाताओं से कहा था कि उनकी पार्टी तय करेगी कि वह पीएम होंगे या नहीं, लेकिन वह सैन्य जीवन को राजनीतिक जीवन पसंद करते हैं। उन्हें विश्वास था कि गठबंधन के हिस्से के रूप में उनकी पार्टी सत्ता में बनी रहेगी। दिसंबर 2022 के संडे चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि चार में से तीन थाई सोचते हैं कि पीटीपी सत्ता में होनी चाहिए और दशक पुराने सैन्य शासन को समाप्त करने के लिए पैटोंगटार्न पसंदीदा नेता थे। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पोल ने दिखाया कि वह पीपीआरपी और अन्य राजनीतिक दलों से प्रयुथ और पीटीपी से 10 प्रतिशत आगे थी। लेकिन जब तक सभी राजनीतिक दल जनरलों की



पीपीआरपी के खिलाफ एकजुट नहीं हो जाते, तब तक उनके पास उन्हें हराने का कोई मौका नहीं है।

ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक ब्रैड एडम्स ने कहा कि सेना ने मुख्य विपक्षी पार्टी को भंग करने, चुनाव आयोग को नियंत्रित करने और सरकार की इच्छा को विफल करने के लिए सीनेट (जो सरकार गठन पर फैसला करती है) को चुनने के लिए कानून बनाकर खुद को अजेय बना लिया है। लोग। वोंगसुवोन ने सार्वजनिक रूप से कहा कि उनकी पार्टी के लिए सरकार बनाना मुश्किल नहीं है क्योंकि सीनेट %नियंत्रणीय% है। थाई जनरलों ने अपने 2017 के संविधान में म्यांमार के 2008 के संविधान के पड़ोसी पूर्ण सैन्य शासकों से एक पत्ता निकाला है। आंग सान सू की की नेशनल लीग ऑफ़ डेमोक्रेसी जैसी एकल पार्टी द्वारा केवल 2021 में हासिल की गई भारी जीत (जिसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ) थाईलैंड में सैन्य शासन को पूर्ववत कर सकती है। 2017 का संविधान 250 सीनेटरों (ज्यादातर सेना और पुलिस) के नामांकन की अनुमति देता है जो निर्वाचित प्रतिनिधियों के 500-मजबूत सदन के फैसले को कमजोर कर सकता है। नियम इस तरह बनाए गए हैं कि सेना को सरकार बनाने के लिए निर्वाचित सदन का केवल एक तिहाई हिस्सा चाहिए। जनरलों ने सैन्य सरकार को एक नागरिक मुखौटा दिया है - इसे मोटे तौर पर कहें - भेड़ के कपड़ों में एक भेड़िया की तरह।

थाईलैंड में सेना (और पुलिस) ब्रह्मांड के इस हिस्से में सबसे अधिक राजनीतिक संस्थाओं में से एक है। 1975 में फोर्ट लीवेनवर्थ (यूएस) में कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज में मेरे थाई सहयोगियों ने उल्लेख किया कि कैसे उन्होंने सैन्य अकादमी में रहते हुए अपने राजनीतिक विकल्प चुने। हाल ही में, माना जाता है कि राजा को विशेष अधिकार देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया था और कुछ विशेष बलों को उनकी कमान में रखा गया था। सेना प्रमुख 2018, एक पूर्व तख्तापलट नेता के बेटे, ने बैंकाक में सेना मुख्यालय में राजा के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के लिए अपने अधिकारियों को घुटने टेककर और हाथ जोड़कर नेतृत्व किया। जनरल प्रयुथ ने उन्हें यह कहते हुए पछाड़ दिया : 'मैं राजशाही की पूजा और रक्षा करूंगा।' जनरलों की बहुतायत है - प्रत्येक 212 सैनिकों के लिए एक फ्लैग रैंक अधिकारी। भारत में 21,000 सैनिकों से एक जनरल बनता है। सेना ने 20 साल की सामरिक विकास योजना तैयार की है जिसका पालन करना सरकारों के लिए आवश्यक है।

यद्यपि 1932 में पूर्ण राजशाही समाप्त हो गई, संवैधानिक राजतंत्र पिछले सम्राट के साथ सबसे अधिक सम्मानित राजा था, जिसने 70 वर्षों तक शासन किया, जो महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के कार्यकाल से थोड़ा कम था। पैलेस-सैन्य संबंधों में फिलहाल पेंडुलम किस तरफ झूल रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि %आम तौर पर सेना प्रस्ताव करती है और राजा उसका निपटान करता है। राजशाही के तहत शाही मानहानि पर बहुत सख्त कानून मौजूद हैं - राजशाही के खिलाफ अभिव्यक्ति के लिए कानून 112 के तहत 15 साल की जेल। राजशाही में सुधार के लिए विरोध हाल ही में शुरू हुआ, हालांकि इसमें ज्यादातर युवाओं ने अपने लक्ष्यों को संदर्भित करने के लिए कोड शब्दों का इस्तेमाल किया।

पिछले दिसंबर में दो दुखद घटनाएं हुईं- कई नाविकों के साथ एक थाई युद्धपोत का डूबना; और क्राउन प्रिंसेस का कार्डियक अरेस्ट (जाहिरा तौर पर उत्तराधिकार की पहली पंक्ति में) अभी भी कोमा में है। महामारी के प्रभावों ने अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार पर्यटन को गहरा झटका दिया है। सौभाग्य से, 2022 में पर्यटकों की संख्या 10द्वठ्ठ के आंकड़े को पार कर गई है।

भारत के थाईलैंड के साथ मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिसमें गगन आनंद के दो मिशेलिन स्टार रेस्तरां से लेकर गुंजन कुमार के मोबाइल चना जोर गरम उद्यम तक 50,000 भारतीयों को रोजगार मिला हुआ है। कई खूबसूरत तमिल कोविल्स के साथ पूरे थाईलैंड में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बिखरी पड़ी हैं। थाईलैंड के साथ भी मजबूत बौद्ध संबंध हैं। शिनावात्रा वंशज जनरलों को भले ही कंपकंपा दें, लेकिन जनरलों की सत्तारूढ़ तिकड़ी अब से चार महीने बाद तीसरे कार्यकाल के लिए वापसी करने के लिए बाध्य है।

## फरमाया


**वे** सर्जिकल स्ट्राइक की बात करते हैं, पर इसका कोई प्रमाण नहीं है।
**- दिग्विजय सिंह**
कांग्रेस नेता


**वरिष्ठ** नेता दिग्विजय सिंह के विचार उनके अपने हैं और वे कांग्रेस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।
**- जयराम रमेश**
कांग्रेस प्रवक्ता


**हम** सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व का समर्थन करते हैं।
**- सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## कर्मचारियों की पीड़ा

**मध्यप्रदेश** में विधायकों का वेतन 40 हजार रुपए बढ़ेगा। यह खबर पढ़कर हृदय बैठ गया जो जले पर नमक छिड़कने के समान है । विधायकों के वेतन बड़े कोई गम की बात नहीं है, रंज की बात ज्यादा यह है कि वर्षों से आंगनबाड़ियों में काम कर रही महिला कर्मी ऊंट के मुंह में जीरे के समान नाममात्र के मानदेय पर काम कर रही है । उन्हें यह मानदेय कभी भी समय पर नहीं दिया जाता । ऊपर से बढ़ती महंगाई कोढ़ में खाज बनी हुई है। उसकी चिंता किसी को भी नहीं है। इसी तरह सरकारी विभागों में संविदा कर्मी, आउट सोर्स तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वर्षों से कार्य कर रहे हैं, मगर उनको स्थायी नहीं किया जा रहा है। इन्हें स्थायी कर इनके स्थानों पर संविदा व वेतन भोगी के रूप में नई भर्ती कर संतुलन बनाया जा सकता है । लेकिन खजाने की चाबी सरकार में बैठे नेताओं के पास है तो स्वयं रेवड़ी खाएंगे और दूसरों को ढेला तक भी नहीं देंगे। विधायकों को अपने ही साथ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे आंगनवाड़ी महिला कर्मियों, संविदा, दैनिक वेतन भोगियों, आउटसोर्स कर्मियों की भी सुध लेना सरकार की जिम्मेदारी है। ध्यान देना चाहिए कि कर्मचारियों की पीड़ा चुनावी मुद्दा भी बन सकता है और इसका नुकसान विधायकों को भी हो सकता है।

**-हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

## टेक कंपनियों पर लगाम

**अमेरिकी** न्याय विभाग और आठ राज्यों ने मंगलवार को गूगल पर मुकदमा दायर किया। कंपनी पर ऑनलाइन विज्ञापन बाजार में अपने प्रभुत्व के साथ प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने और इसे तोड़ने का आह्वान करने का आरोप लगाया। यह कदम किसी बड़ी टेक कंपनी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन के पहले ब्लॉकबस्टर एंटी-ट्रस्ट केस को चिन्हित करता है। इसके अनुसार गूगल के प्रतिस्पर्द्धी व्यवहार ने कृत्रिम रूप से उच्च स्तर तक प्रवेश करने में बाधाओं को बढ़ा दिया है, प्रमुख प्रतिस्पर्धियों को विज्ञापन तकनीकी उपकरणों के लिए बाजार छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है, संभावित प्रतिस्पर्धियों को बाजार में शामिल होने से रोक दिया है और इस टेक दिग्गज के कुछ शेष प्रतिस्पर्धियों को हाशिए पर धकेल कर गलत तरीके से वंचित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, स्पेन, यूरोपियन यूनियन ने गूगल पर करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। कई देशों को गूगल ने जुर्माने की राशि को भुगतान भी कर दिया है। भारत में भी बड़ी टेक कंपनियों की तानाशाही के खिलाफ कार्रवाई पर सर्वोच्च न्यायालय विचार कर रहा है। यह स्वागत योग्य कदम है।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## छात्रों पर दबाव

**छात्रों** द्वारा की गई आत्महत्याओं से जुड़ी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में छात्रों ने सबसे अधिक आत्महत्याएं की हैं। विगत एक माह में वहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे तीन नाबालिग छात्रा ने परीक्षा के दबाव में आत्महत्या कर ली उनमें दो बिहार से थे और कोटा में आसपास रहते हुए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। निश्चित ही देश एवं समाज के सामने यह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है जैसा कोटा परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ अब आत्महत्याओं का हब भी बन रहा है। कोटा की कोचिंग व्यवस्था को देखकर भविष्य में इन घटनाओं के और अधिक बढ़ने की आशंका है। कोटा के अलावा अन्य शहरों में भी छात्र विभिन्न प्रकार के दबावों के शिकार होते हैं। सबसे पहली जिम्मेदारी शिक्षा विभाग तथा केन्द्र व राज्य सरकारों की यही है कि वे शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम व विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की प्रक्रियाओं में ऐसे परिवर्तन करें कि छात्रों को कोचिंग की जरूरत ही न पड़े। इस संबंध में नई शिक्षा नीति से काफी उम्मीदें हैं।

**- सदन जी,**पटना

# सीएम बघेल के मंशानुरूप बालोद में 1 लाख 38 से अधिक किसानों से 5 लाख 65 हजार मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना का समुचित लाभ किसानों को मिलने से इस योजना के प्रति किसानों का विश्वास प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार के द्वारा इस योजना से अन्नदाता किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने हेतु समुचित व्यवस्थाए एवं दी जा रही सुविधाओं के कारण प्रतिवर्ष धान बिक्री करने वाले किसानों की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु बालोद जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित की गई है। जिसके फलस्वरूप जिले में धान खरीदी करने वाले किसानों की संख्या तथा खरीदे गए धान की कुल मात्रा में भी आशातीत वृद्धि हुई है।

**सीधे धान उपार्जन केन्द्रों से किया जा रहा उठाव-**

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने पायनियर को बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी 1 नवम्बर 2022 से 31 जनवरी 2023 तक की जा रही है। खरीफ वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु कुल 1 लाख 42 हजार 861 किसानों पंजीयन कराया है। जिसमें से 1 लाख 38 हजार 816 किसानों ने धान विक्रय कर लिया है। धान खरीदी हेतु 2 कार्य दिवस अभी शेष हैं। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 2023 तक कुल 5 लाख 65 हजार 215.84 मेंट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है जिसकी कुल राशि 1157 करोड़ रुपये है। उक्त खरीदी किये गये धान में से 4 लाख2 34 हजार 967.00 में टन धान का उठाव (77प्रतिशत) किया जा चुका है। उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 30 हजार 248.00 मेंट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है। धान खरीदी प्रारंभ के दौरान धान खरीदी एवं उठाव हेतु बनाई गई कार्य योजनानुसार जिले में स्थापित संग्रहण केन्द्रों में 1 लाख मेंट्रिक टन एवं अंतर जिला धमतरी में 30 हजार मेंट्रिक टन कुल 1 लाख 30 हजार मेंट्रिक टन परिवहन कराते हुए संग्रहित किया जाना था, किंतु अब तक संग्रहण केन्द्र में धान परिवहन न कराते हुए राईस मिलों के माध्यम से सीधे धान उपार्जन केन्द्रों से उठाव किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में धान संग्रहण केन्द्रों में संग्रहण करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है।

**11वें वर्ष में सर्वाधिक धान की हुई खरीदी**

खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु 1 लाख 38 लाख 723 किसानों पंजीयन कराया था। जिसमें से 1 लाख 30 हजार 675 किसानों के द्वारा धान विक्रय किया था । गत वर्ष 5 लाख 19 हजार 503.24 मेंट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी, जिसकी कुल राशि 1011 करोड़ रु. थी । वर्ष 2021-22 जिले के संग्रहण केन्द्रों में 1 लाख 40 लाख 539.67 मेंट्रिक टन धान का परिवहन कराते हुए संग्रहण किया गया था । अतिरिक्त अंतर जिला धमतरी के संग्रहण केन्द्रों में भी 31 हजार 162.60 में टन धान का परिवहन किया गया था। वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 में अब तक कुल 8 हजार 141 अधिक किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया है। इसी प्रकार गत वर्ष की तुलना में 45 हजार 712.60 मेंट्रिक टन धान की अधिक खरीदी हुई है। गत वर्ष 1011 करोड़ रूपये की धान खरीदी हुई थी, जबकि वर्ष 2022-23 में 1157 करोड़ की खरीदी अब तक की जा चुकी है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 146 करोड़ रूपये अधिक है। जिले में वर्ष 2012-13 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हुई है तब से इस वर्ष 2022-23 में 5 लाख 65 हजार 215.84 मेंट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है जो कि 11वें वर्ष में सर्वाधिक धान की खरीदी हुई है ।

**19 करोड़ रूपये की हुई बचत**

वर्ष 2022-23 में कार्ययोजना अनुसार 1 लाख 30 हजार मेंट्रिक टन धान परिवहन कर संग्रहण केन्द्रों में संग्रहित किया जाना था, किंतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन अनुसार एवं जिले के राईस मिलरों को प्रोत्साहित करते हुए धान सीधे उपार्जन केन्द्रों से उठाव किया जा रहा है। इस वर्ष संग्रहण केन्द्रों में धान संग्रहित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी है। जिस आधार पर धान का उठाव किया जा रहा है उसके आधार पर माह फरवरी 2023 तक उपार्जन केन्द्रों में शेष संपूर्ण धान का उठाव कर लिया जावेगा। वर्ष 2022-23 में धान संग्रहण केन्द्रों में भंडारण नहीं किये जाने से शासन को धान परिवहन, भंडारण एवं सुखत में व्यय होने वाली राशि लगभग 19.90 करोड़ रूपये की बचत हुई है।

## अनेकता में एकता ही शान, इसलिए मेरा भारत देश महान: विक्रम धुर्वे

पायनियर संवाददाता ✓ डौंडी
www.dailypioneer.com





26 जनवरी को छत्तीसगढ़ ड्राइवर संघ भानूप्रतापपुर के द्वारा मनकुंवर चौक डौंडी संस्था के मुख्य कार्यालय में राष्ट्र के संविधान के सम्मान में संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे थे, उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी व भारत माता की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। विक्रम धुर्वे ने कहा की पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था। यह वो दिन था जब से हम कहने लगे कि हम भारतवासियों का अपना संविधान व कानून है और हमें ब्रिटिश राज से पूरी तरह आजादी मिल गई है। साथियों यह संविधान ही है जो भारत के नागरिकों के एक सूत्र में बांधे रखता है इसलिए यह दिन हमारे लिए बेहद खास है।इस दिन देश के लिए मर मिटने वाले भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया जाता है एवं उन्हें सच्चे मन से श्रद्धांजली दी जाती है।इस दौरान ड्राइवर संघ भानूप्रतापपुर अध्यक्ष रोहित कुमार, संचालक रूम लाल गुप्ता,उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम, भागवत, सुखदेव जगदीश, आजाद, भागीरथी, राम भूलेख, विजय यादव, सोमेश्वर विजय, हेमलाल, लाल सिंह, गजेंद्र कृष्णा शर्मा ,अमर विश्वकर्मा खिलावन साहू ,गुलशन साहू खिलेश्वर ,लेखराम ,रोशन साहू रमनलाल व मनकुंवर चौक के सभी ग्रामीण उपस्थित रहे।

**व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सहायक जनसंपर्क अधिकारी सम्मानित**

## 35 विभागों के 53 अधिकारी-कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित 74वीं गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिला प्रशासन के अंतर्गत 35 अलग-अलग विभागों के 53 अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष ऋ षि शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर की स्वच्छता एवं विशेष योगदान के लिए जिला नाजिर सुरेश देवांगन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य शासन की लोकहित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्य मों का संचार के विभिन्न माध्यमों से समयबद्ध व्यापक प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सहायक जनसंपर्क अधिकारी गुलाब डडसेना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिला पंचायत से जितेन्द्र सिंह ठाकुर, दीपा चंद्रवंशी, निर्वाचन कार्यालय से लक्ष्मीकुमार नेताम, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सीय सेवाओं में उत्कृष्ट एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में बेहतर कार्य, मातृत्व स्वास्थ्य के लिए लक्ष्य पुरस्कार, बच्चों के स्वास्थ्य मुस्कार पुरस्कार एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरूस्कार के लिए प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के पार्वती कश्यप, मोहन साहू, आयुर्वेद विभाग से विद्या सिंह ध्रुव, राहुल पंत जल संसाधन विभाग, महेश कुमार साहू सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग, टोमन लाल कुंजाम पीएचई, हाफिजुद्दीन कुरैशी शिक्षा विभाग, सचिन साहू, मछली पालन, दिनेश कुमार खरे, दिनेश कुमार सेन कृषि विभाग, प्रदीप कुमार ठाकुर एसडीएम कार्यालय पंडरिया, सुनील कुमार सोनपीपरे तहसीलदार पंडरिया, पुष्पराज कुर्रे, प्रेम सिंह कोर्राम राजस्व विभाग, सत्यानरायाण राठौर, रामसागर साहू, सामली बैगा, चंपा नेताम, पुष्पा टांडिया, बिरन पटेल महिला बाल विकास विभाग, रितुराज ताम्रकार जिला व्यापार एवं उद्याग, कैलाश चंद्रवंशी पंजीयक वाणिज्यकर, चेतराम चंद्रा, गौरव महोबिया श्रम विभाग, लेखुराम चंद्रवंशी सहकारिता, दीपेश चंद्राकर जन पंचायत पंडरिया, ओमकार चंद्रवंशी जनपद पंचायत कवर्धा, सुमन मोहिले जनपद पंचायत लोहारा को सम्मानित किया गया।

**दोनों शक्कर कारखाना सम्मानित**

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने जिले में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना प्रबंधन को गन्ना का रिकवरी दर 13.12 प्रतिशत और भोरमदेव शक्कर कारखाना प्रबंधन को गन्ना से शक्क र रिकवरी दर 11.83 प्रतिशत प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**सात पुलिस अधिकारी और आरक्षक सम्मानित**

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने जिले के सात पुलिस अधिकारी और आरक्षक को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर समानित किया। पिपरिया थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र राजपुत, दामापुर चौकी प्रभारी रघुवंश पाटिल, पंडरिया थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर, थाना प्रभारी कवर्धा एम.बी. पटेल, आरक्षक घनाराम सिन्हा, निरीक्षक रविन्द्र कुमार मंडावी, आरक्षक चंद्रकुमार साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## सरयू अग्रवाल स्टेडियम में गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com





कोरोनाकाल के बीते 2 साल बाद जिले में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए और शासन के योजनाओं की प्रमुख विभागों द्वारा आकर्षक झाकियां भी निकाली गई। जो आकर्षण का केंद्र रही। स्कूली बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। जिला मुख्यालय बालोद में गुरुवार को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष उल्लास तथा भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। समारोह की मुख्य अतिथि प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने प्रातः 9 बजे स्व.सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अनिला भेंडिया ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। इस अवसर पर संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथिलेश निरोटी, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, सेनानी 14वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल डी.आर.आचला, वनमंडल अधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर इंदिरा तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा पदमश्री से नामित होने वाले जिले के बालोद ब्लॉक के ग्राम लाटाबोड़ निवासी डोमार सिंह कुंवर को सम्मानित भी किया गया।

**अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित-**

समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्य मों की प्रस्तुति, मार्चपास्ट, हर्षफायर, राष्ट्रपति की जय का उद्घोष किया गया। मंत्री अनिला भेंडिया ने जिले के शहीद जवानों के 36 परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले 25 अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों तथा 13वां राज्य स्तरीय पैरालंपिक एथेलेटिक चैम्पियनशीप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्य म, परेड और झांकी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

**सम्मानित होने वाले अधिकारी-कर्मचारी-**

जिला स्तर पर कर्तव्यों का श्रेष्ठ निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों में राजस्व विभाग से लोकेश कुमार(सहायक ग्रेड-2), ललित कुमार (सहायक ग्रेड-3), वैभव जोशी (पटवारी), डोमेन्द्र कुमार (पटवारी) एवं भोजकुमारी साहू (सहायक ग्रेड-3), पुलिस विभाग से यामन देवांगन (उप निरीक्षक), योगेश सिन्हा (आरक्षक), लेखराम साहू (सउनि), दिलेश्वर चंद्रवंशी (निरीक्षक) एवं निर्मला यादव (महिला आरक्षक), जिला पंचायत से लोकेश सिन्हा (जिला समन्वयक राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान) एवं केआर चिन्दा (वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षक एवं करारोपण), स्वास्थ्य विभाग से योगिता भोय (एएनएम), जिला शिक्षा विभाग से लोचन कुमार देशमुख (व्याख्याता), महिला बाल विकास विभाग से लक्ष्मी साहू (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता), ई गवर्नेस सोसायटी से इंद्रजीत सेन (जिला प्रबंधक), खाद्य विभाग से हेमन्त शिल्लेदार (नोडल अधिकारी छग वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन), जिला पंजीयक से उमाशंकर साहू (भृत्य), जिला विपणन से संजय कुमार गजेंद्र (कम्प्यूटर ऑपरेटर), जनपद पंचायत बालोद से जलेंद्र यदुवंशी (सचिव-ग्राम पंचायत उमरादाह), नगरपालिका बालोद से संदीप साहनी (जिला समन्वयक), मछली पालन विभाग से कमलेश कुमार यादव (मत्स्य निरीक्षक), जिला व्यापार उद्योग से कीर्तन राम कुमेटी (सहायक ग्रेड-3), पशु चिकित्सा सेवा से डॉ. बीएस नायक (सहायक शल्पज्ञ) और उद्यानिकी विभाग से हेमन्त सिन्हा (ग्राउवि अधिकारी) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया है।

## अभय सिंह को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक का संभाग प्रभारी नियुक्त किए जाने पर किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ डौंडी/दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ महासचिव अभय सिंह को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक का दुर्ग संभाग प्रभारी नियुक्त किए जाने पर सम्मान समारोह छत्तीसगढ़ असंगठित मजदूर कांग्रेस इंटक जिला बालोद यूथ इंटक जिला बालोद मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक दल्ली राजहरा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया । इस अवसर पर यूनियन की ओर से श्रीफल शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया अभय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा दुर्ग संभाग के सात जिलों में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी मुझे मिली है जिसके लिए प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के आभारी हैं संगठन में रहकर अनवरत मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़ने एवं आप सभी का भरपूर सहयोग के फल स्वरुप यह जिम्मेदारी मिली है बालोद जिला इंटक अध्यक्ष भूपेंद्र दिल्लीवार ने कहा दुर्ग संभाग के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दल्ली राजहरा को मिली है इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जी संजीव रेड्डी को सादर धन्यवाद संगठन की मजबूती के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तिलकराम मानकर ने कहा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक विभिन्न मजदूर संगठनों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करती है हम सब कांग्रेस पार्टी के विचारधारा का पालन करते हैं संगठन को मजबूत बनाकर राज्य एवं केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाना है उपाध्यक्ष लखन बख्शी ने कहा हमारे लिए संगठन सर्वोपरि है हम सदस्य गण अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे उपाध्यक्ष कलाम मोहम्मद ने कहा कि दल्ली राजहरा का मजदूर संगठन मजदूरों के हितों की लड़ाई लड़कर उनके हितों की रक्षा करने वाली यूनियन है वर्तमान परिदृश्य में हम सब मिलकर मजदूर हितों में कार्य करते रहेंगे असंगठित मजदूर कांग्रेस इंटक बालोद जिला अध्यक्ष राजू विनायक ने कहां की असंगठित क्षेत्र के मजदूर शोषण के शिकार होते हैं।

## कबीरधाम जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया 74 वां गणतंत्र दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिला मुख्यालय के पी.जी.कॉलेज मैदान में 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। अकबर ने शांति और आजादी तथा अमरता की प्रतीक श्वेत कबूतर और और रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह स्थल पर जिले के शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, लोक कलाओं, लोक गीतों और लोक परंपराओं पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित झांकिया निकाली गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिस्त पत्र दिया गया। परेड की विभिन्न टुकड़ियों ने देश भक्ति की धुन पर कतारबद्ध होकर सधे हुए कदमों में अनुशासनशीलता के आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सशस्त्र प्लाटून जिला पुलिस बल, नगर सेना के होमगार्ड के जवानों ने हर्ष फायर किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 06 परेड दलों ने परेड कंमाडर महेश्वर सिंह और सेकेण्ड कमाण्डर सांता लकड़ा के नेतृत्व में प्लाटूनों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस अवसर पर नीलकंठ चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ऋ षि शर्मा, उपाध्यक्ष जीमल खान, कलीम खान, पार्षद प्रमोद लुनिया, मोहित महेश्वरी, वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित स्कूली छात्र-छात्रायें और बडी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। मंच संचालन अवधेश श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव एवं मीरा देवांगन द्वारा किया गया।

**परेड में 06 प्लाटून शामिल हुए**

गणतंत्र दिवस परेड में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह व द्वितीय कमांडर एसआई सांता लकड़ा ने प्रतिनिधित्व किया। गणतंत्र दिवस पर इस वर्ष कुल 06 टोलियां शामिल हुई, जिसमें शस्त्र प्लाटून से 17वीं वाहिनी छग बल से प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक युवराज साहू, जिला पुलिस बल-प्रथम से एएसआई श्री संजीव तिवारी, जिला पुलिस बल-द्वितीय से एएसआई श्री कृष्णा चंद्रवंशी, जिला पुलिस बल महिला परेड कमांडर एएसआई श्रीमती विजया कैवर्त्य, नगर सेना से प्लाटून कमांडर और वन विभाग कमांडर तारकेश्वर यादव ने प्रतिनिधित्व किया। परेड के साथ पुलिस बैंड के आरक्षक मोहित श्रीवास्तव, परमेन्द्र चंदेल, साजिद खान, गोपाल ठाकुर, शिवम मंडावी ने परेड के साथ अपने स्वर दिए।

**विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्य मों की प्रस्तुति**

जिला मुख्यालय के पीजी कालेज मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिले के सात अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति , छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और ग्रामीण परिवेश पर अधारित सांस्कृतिक कार्य मों की रंगारंग प्रस्तुति दी। समारोह में गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एरोबिक की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पंथी नृत्य, अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा जहां डाल डाल पर सोने की चिडिया करती है बसेरा देश भक्ति गीत, राम कृष्ण स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा छ.ग. रिमिक्स हाय रे सरगुजा नाचे, स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा डंडा नृत्य, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा छ.ग. नृत्य, होली किडंम स्कूल द्वारा देश रंगीला और कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ी दर्शन गीत पर नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दी।

**जिले में खुशी की लहर, ग्राम लाटाबोड़ में फूटे पटाखे**

# लोक नाट्य नाचा कलाकार डोमार सिंह को पद्मश्री सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com





गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों के ऐलान किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेताओं के नाम की घोषणा की गई है। कुल 106 पद्म पुरस्कार का एलान किया गया है। जिसमे जिले के ग्राम लाटाबोड़ निवासी लोक नाट्य नाचा कलाकार डोमार सिंह कुंवर पिता स्व. डेरहा राम कुंवर को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। इस खबर से जिले में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी है। तो वही ग्राम लाटाबोड़ ने ग्रामीणों ने खूब आतिशबाजी कर पटाखे फोड़े। लगातार डोमार सिंह के घर पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। वही इस बड़ी उपलब्धि पर सीएम भूपेश बघेल ने भी ट्वीट कर डोमार सिंह कुंवर को बधाई दी है। आपको बता दे कि जिले में इससे पूर्व समाज सेविका शमसाद बेंगम भी सामाजिक कार्य हेतु पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है।

**बतौर निर्देशन की सुल्ताना डाकू की शुरुआत-**

स्वर्गीय मुरलीधर यादव को अपना गुरु मानने वाले किसान डोमार सिंह कुंवर नृत्य कला के साधक एवं मशहूर कलाकार है। इनका जन्म 13 जनवरी 1947 को ग्राम लाटाबोड़ में हुआ। इन्होंने देश से लेकर विदेशों तक ख्याति प्राप्त की है। डोमार सिंह ने पायनियर से चर्चा में बताया कि वे 1959 यानि 10 साल की उम्र में ही मंच पर उतर गए थे। छत्तीसगढ़ी हास्य गम्मत नाचा कला को कई वर्षो से परी और डाकू सुल्तान की भूमिका निभाकर जिंदा रखे हुए है। इस 76 साल की उम्र में डोमार सिंह ने नाचा गम्मत को न सिर्फ जिया है, बल्कि अपने स्कूल से लेकर दिल्ली के मंच पर मंचन किया है। 21 जनवरी 1966 को बतौर निर्देशन नाचा मंडली मयारू मोर लाटाबोड़ लोक नाचा (सुल्ताना डाकू) की शुरुआत की। जो अनवरत तक जारी हैं। रवेली नाचा पार्टी, धमना नाचा पार्टी, लोक मंजरी जैसे दर्जनो नाचा पार्टियों से जुड़ाव रहा है।

**जनकल्याणकारी कार्यक्रम सफल-**

डोमार सिंह कुँवर ने आगे चर्चा में बताया कि उन्होंने कई महान हस्तियों जैसे दाऊ महासिंह चंद्राकर, दाऊ रामचंद्र देशमुख, दाऊ दुलार सिंह साव, प्रदीप शर्मा, मनीष मानिकपुरी, मोना सेन, करण खान, अनुराधा दुबे, रामलाल और भी कई जाने माने लोक कला एवं फिल्म कलाकारों के सानिध्य में अभिनय करने का अवसर प्राप्त हुआ है। डोमार सिंह कुंवर नाचा गम्मत के अलावा धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय साक्षरता और भी कई जनकल्याणकारी कार्य म का हिस्सा बन उसे सफल बनाया है। डोमार सिंह बताते है कि सांस्कृतिक कला के माध्यम से जन-जागरण एवं सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास है। छत्तीसगढ़ी फिल्म मन के बात मन मे रहिगे के निर्माता रहे है। इसके साथ ही महिला सरपँच, चंपा चमेली, मजाक होंगे महंगा, लाली के मया, बाल विवाह, सोन चिरई जैसे और भी एलबमो में अभिनय कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ माटी पुत्र सम्मान, लोक कला महोत्सव, कला और नाट्य समता अवॉर्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर गौरव सम्मान सहित अब तक कुल 73 दफा अंतरराष्ट्रीय मंच तक सम्मान प्राप्त कर उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं।

**मंत्री अनिला भेड़िया ने किया डोमार को सम्मानित**

डौंडीलोहारा विधानसभा की विधायक व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया ने जिला मुख्यालय स्तिथ सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान पदम्श्री से नामित होने वाले डोमार सिंह कुंवर को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान लोक कलाकार व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी डॉ. जितेंद्र यादव भी मौजूद रहे। मंत्री अनिला भेड़िया के गृह जिले बालोद से डोमार सिंह कुंवर और प्रभारी जिला कांकेर से अजय मण्डावी को पद्मश्री मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। मंत्री अनिला भेड़िया ने इसे छत्तीसगढ़ का गौरव बताया है। मंत्री ने कहा कि नाचा छत्तीसगढ़ की संस्कृति है। और काष्ठकला के जरिये युवा आत्मनिर्भर बने है।

## 74 वां गणतंत्र दिवस एसपी ने कार्यालय में फहराया तिरंगा



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में 26.जन. को 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 08.00 बजे ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कौशल किशोर वासनिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव, एवं कार्यालयीन अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित थे। तिरंगा फहराते समय प्लाटून द्वारा सलामी दी गई तथा ध्वजारोहण पश्चात् राष्ट्रगान गाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाए देकर उपस्थित शहीद परिवारों को पुष्पगुच्छ, श्रीफल, साल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।

# गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया पद का दुरुपयोग

■ ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ गौरेला पेण्ड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



पेण्ड्रा व गौरेला नगर पंचायत अध्यक्ष के तत्वावधान में आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। ज्ञात हो कि जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता के द्वारा बिना किसी कारण बताये द्वेषवश अपने पद का हनन करते हुए पेण्ड्रा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास और गौरेला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमोल पाठक के पद पर रहते हुए भी बिना किसी कारण के नये कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है।जबकि बिना प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने का अधिकार जिला अध्यक्ष के पास नहीं। इस पर नाराजगी जताते हुए आज पेण्ड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान व गौरेला नगर पंचायत अध्यक्ष के तत्वावधान में एक बैठक आयोजित की गई बैठक में मौजूद सभी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया व इसकी शिकायत आलाकमान से करने की बात कही। गौरतलब है कि जबसे मनोज गुप्ता जिला अध्यक्ष बने है पूर्व में भी मरवाही उपचुनाव के समय में चुनाव से नदारद रहने पर मुख्यमंत्री द्वारा नाराजगी जाहिर कर नया जिला अध्यक्ष नियुक्त करने की बात कही थी। उन पर कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी के आरोप लगते रहे व अपने करीबियों को संगठन में जगह देने की बात सामने आती रही है।

चुनावी वर्ष में अगर संगठन में इस तरह की फूट अगर नजर आ रही है तो निश्चित ही आलाकमान को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि जो कार्यकर्ता पिछ्ले 15 वर्षों से विपक्ष में रहते हुए भाजपा के शाशन के विरोध में खड़े रहे और जब कांग्रेस की सरकार बनी तो उनके अपने ही नेताओं के द्वारा इस तरह साइड लाइन किया जाने लगा इस तरह कांग्रेस की स्थिति को अंदर ही अंदर दीमक की तरह कुतरने वाले पदाधिकारियों से आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को कितना नुकसान होगा इस बात को पार्टी आलाकमान को समझना होगा। बैठक में पार्षद इकबाल सिंह पेण्ड्रा ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास गौरेला ब्लॉक अध्यक्ष अमोल पाठक शंकर कंवर पूर्व न्यायाधीश पेण्ड्रा ब्लॉक हाथ से हाथ जोड़ो प्रभारी प्रमोद परस्ते गौवर्धन राठौर सुफियान अंसारी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## चनाट में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमे प्राथमिक शाला चनाट मे पदस्थ प्रधान पाठक निलाम्बर नायक ने समिति के समक्ष प्रांगण मे बगीचा निर्माण करने प्रस्ताव रख विस्तार से बताया कि 20 नग पाम के पौधे के साथ 10 नग विद्या पत्ती के पौधे लगाने से विद्यालय की शोभा बढ़ जाएगी, जिसे समिति के सदस्यों ने सहमति जताई।

इस पर होने वाले खर्चे की जब बात आयी तो सभी ने निर्णय लिया कि पूस पुन्नी त्यौहार के अवसर पर लोगो से छेर छेरा के मे सहयोग मांग कर इस संकल्पित कार्य को किया जा सकता है। पदस्थ प्रधान पाठक निलाम्बर नायक के साथ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्य एवं पालक ने मिलकर घर घर जाकर छेर छेरा माँगा और लगभग साठ हजार की राशि एकत्र कर बहुत ही आकर्षक बाल उद्यान प्राथमिक शाला चनाट प्रांगण मे तैयार हो गया । 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर,बसंत पंचमी के शुभ घड़ी मे इस बाल उद्यान का उद्घाटन समारोह आयोजित था, जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायत चनाट की सरपंच हेमकुंवर रमेश पटेल ने फीता काट औपचारिकता निभाते हुई गार्डन मे प्रवेश की मुख्यतिथि नितेश पटेल दुर्गा फर्नीचर द्वारा पौधा का फीता काटा गया, समान भाव सभी को सम्मान देने के हिसाब से उपस्थित सभी ग्रामीण जनों ने एक एक पौधा का फीता काटा, एवं रख रखाव के लिये सभी संकल्पित हुए। उक्त अवसर पर भारत पटेल, मोहन पटेल जयकुमार पटेल, कुंजन पटेल, रमेश पटेल, लवकुमार, राजकुमार नायक, जयबन पटेल,राधेकृष्ण नायक, कमलदेव गौंटिया ऋषि पटेल, तिहारु पटेल एवं सभी ग्रामीण जन, आयोजक समिति शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन निलांबर नायक द्वारा किया गया। संकुल समन्वयक रोहित पटेल का सारगर्भित उद्बोधन हुआ,निलकुमार पटेल व्यवस्था देख रेख किये।

## छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन की समीक्षा बैठक

■ नवपदस्थ थाना प्रभारी को दिया शुभकामना

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन का समीक्षा बैठक बीते दिन शुक्रवार को विश्राम गृह में आहूत किया गया था । उक्त बैठक में विभीन्न जनहितैषी व छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के विस्तार के आलावा पत्रकार हित में प्रशासन को साथ लेकर, निष्पक्ष पत्रकारिता का संकल्प लिया गया वहीं पर असामाजिक तत्व के द्वारा छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष पर धमकी से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई, रायपुर जिला तिल्दा नेवरा नगर के विश्राम गृह में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत ने कहा कि समाज में ब्याप्त बुराईयों पर प्रहार करने से धमकी जैसी अन्य समस्या का पदार्पण स्वाभाविक है ,इससे भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है अपितु पत्रकार जगत की चौथा स्तंभ की गरीमा को बरकरार रखते हुए पत्रकार साथी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत को मोबाइल से धमकी मिला था ,जिसकी जांच जारी है ? बैठक मैं जिला सचिव चंद्रशेखर यदू , बलोदा बजार विधानसभा मिडीया प्रभारी अजय नेताम ब्लाक उपाध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल, ब्लाक सचिव सौरभ सिंह यादव , कोषाध्यक्ष ,हरिमारकंडे, सिमगा ब्लाक प्रभारी थानेश्वर साहू ,शिवानंद निर्मल कर सहित छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के अन्य सदस्यों ने भी बैठक में विचार व्यक्त किया । वहीं तिल्दा -नेवरा आरक्षी केन्द्र में नवपदस्थ थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव का छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन के पत्रकारों के द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र में स्थापित सामाजिक बुराईयों पर लगाम कसने की अपेक्षा की गई।

## संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com




खोकसा केंद्र के ग्राम बम्हनीनडीह में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक किस्मत लाल नंद थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता खोकसा सरपंच भोगसिंह सिदार ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सोनसाय सिदार, हाई स्कूल रोहिना के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कुंतल प्रसाद साहू, बीआरसीसी ललित देवता एवं बीईओ जेआर डहरिया, गणेश राम साहू, गयाराम साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नंद ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। परीक्षा के पूर्व इस तरह के सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिता आयोजित होने से विद्यार्थी परीक्षा के तनाव से मुक्त हो पाएंगे। बच्चों से अपील करते हुए कहा कि जिस ऊर्जा और उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया है उसी ऊर्जा और उत्साह के साथ परीक्षा में जुट जाएं। इसके पूर्व संकुल समन्वयक टीआर पटेल ने प्रतिवेदन वाचन करते हुए बताया कि खोकसा संकुल केंद्र बनने के बाद पहली बार संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 7 प्राथमिक शाला, 2 उच्च प्राथमिक शाला, 2 हाई स्कूल के करीब 7 सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, रिले रेस, दौड़, फुगड़ी, बाल्टी बाल, सुरीली कुर्सी जैसे मनोरंजक खेल शामिल थे। प्रतियोगिता में रोहिना के छात्रों ने खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दबदबा कायम करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। ओवरऑल चैंपियन में प्रथम स्थान हाईस्कूल स्तर में रोहिना, द्वितीय खोकसा, मिडिल स्कूल स्तर में प्रथम रोहिना, द्वितीय खोकसा, प्राथमिक स्तर में प्रथम रोहिना, द्वितीय बम्हनीनडीह रहा। विजेता खिलाड़ियों को विधायक नंद के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन सागरपाली सरपंच कालिंदी मुन्ना अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, खोकसा सरपंच भोगसिंह सिदार की अध्यक्षता एवं रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, रोहिना सहकारी समिति अध्यक्ष दुखीश्याम पटेल संकुल प्रभारी पीएन ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

